दैनिक भास्कर जयपुर जिला 06-09-2023

Email- rajugpgayush@gmail.com

कार्यालय, चेयरमेन काउंसलिंग बोर्ड,

(यू. जी./पी. जी. आयुष काउंसलिंग बोर्ड, राजस्थान सरकार)
112-113, प्रथम तल, प्रशासनिक भवन,
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, नागौर रोड, करवड़, जोधपुर 342037

B.A.M.S./B.H.M.S./B.U.M.S./B.N.Y.S. पाठ्यक्रमों में सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु काउंसलिंग-रजिस्ट्रेशन की सूचना

राजस्थान राज्य के निजी आयुष महाविद्यालयों / विश्वविद्यालयों में (i) अखिल भारतीय कोटे की 15 प्रतिशत सीटों एवं (ii) राज्य-कोटे की राजकीय एवं निजी आयुष महाविद्यालयों / विश्वविद्यालयों की 85 प्रतिशत सीटों के लिए NEET-2023 के पात्रताधारक अभ्यर्थियों से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर से सम्बद्धता प्राप्त सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों तथा राजस्थान के समस्त निजी विश्वविद्यालयों के संघटक आयुष महाविद्यालयों में संचालित आयुष स्नातक पाठयक्रमों में सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु ऑन-लाईन रजिस्ट्रेशन-आवेदन दिनांक 06.09.2023 से 11.09.2023 तक आमंत्रित किए जाते हैं।

1. निजी आयुष महाविद्यालयों में 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटे की सीटों पर प्रवेश भी काउंसलिंग प्रक्रिया के प्रथम दो चरणों में राज्य कोटे की काउंसलिंग के समानान्तर साथ-साथ में होगें, जिसके लिये राजस्थान सहित अन्य राज्यों के पात्र अभ्यर्थी भी इन प्रथम दो चरणों में रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इन दो प्रथम चरणों के लिए अन्य राज्यों के अभ्यर्थी अखिल भारतीय कोटे में केवल निजी आयुष महाविद्यालयों में ही प्रवेश हेतु ऑप्शन भर सकेंगे, जिनकों ऑवर ऑल मेरिट के आधार पर प्रवेश आवंटित किया जायेगा।

2. अखिल भारतीय कोटे की सीटें उक्त दो चरणों के पश्चात् खाली रह जाने की स्थिति में उन रिक्त रही सीटों को राज्य कोटे में सम्मिलित करके अगले चरण में पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिये जायेंगे।

3. निजी महाविद्यालयोंमेंNRI श्रेणी में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रत्येक चरण में ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में च्वॉईस फिलिंग विकल्प के अन्तर्गत NRI विकल्प का चयन करना अनिवार्य होगा।

4. आयुष पाठ्यक्रमों में केवल BNYS पाठयक्रम में NEET-2023 पात्रता की अनिवार्यता नहीं है परन्तु प्रवेश में NEET-2023 पात्रताधारकों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। रजिस्ट्रेशन, आवेदन शुल्क एवं अन्य विस्तृत जानकारी काउंसलिंग बोर्ड की वैबसाईट www.rajugpgayushcounselling.in पर उपलब्ध है, जिनका नियमित रुप से अवलोकन करते रहें।

हेल्पलाईन नं. 0291-2795346
मोबाईल नं.: 9875816705

प्रो.(डॉ.) राजेश कुमार शर्मा
चेयरमेन